>

Title : Need to take steps to check recurring floods in Gomti river in Sultanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र सुलतानपुर में गोमती नदी का दायरा 90 किलोमीटर में फैला हुआ है। इस नदी में 1952, 1962, 1975, 1984, 2004 एवं 2009 के वर्षों में बरसात के दिनों में बाढ़ आने से नदी के दोनों किनारों पर बसे 50 से 100 गांव बुरी तरह से प्रभावित हुए और कई गांव बह गये, जिसके कारण नदी में कटाव के चलते करोड़ों की फसल आदि बर्बाद हो गई, कई पशु बह गये और कभी-कभी इन बाढ़ों से कुछ लोगों की मौतें भी हुई हैं।

इस संबंध में अनुरोध है कि बाढ़ पर नियंत्रण करने के लिए कटान के स्थान का सर्वे, आवश्यक वृक्षारोपण, मजबूत ढंग से अन्य उपाय किये जायें, जिससे सुलतानपुर में गोमती नदी के किनारों पर बसे गांवों में लोगों का जीवन सुरक्षित हो सके।